# पलटी बोलेरो का सामने आया वीडियो

## उसमें सवार लोगों ने खुद गाड़ी सीधी की और लेकर चले गए



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले के खुटार बाजार में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद लोग इकट्?ठा हो गए। इस बीच बोलेरो सवार पांच लोग बाहर निकले। उन्हें कोई चोट नहीं लगी थी।

इन लोगों ने बिना किसी से कुछ कहे गाड़ी को धक्का देकर सीधा किया। फिर गाड़ी स्टार्ट कर वहां से चले गए। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है।

खुटार चौकी प्रभारी साहेब लाल सिंह के अनुसार, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, बोलेरो सवार वहां से जा चुके थे। पुलिस को न तो कोई लिखित शिकायत मिली है। न ही किसी के घायल होने की जानकारी मिली। लोगों ने बताया कि बोलेरो सवारों ने खुद ही गाड़ी को सीधा किया और चले गए।

# हरिजन बस्ती तक नहीं है कनेक्टिंग रोड

## ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अतिक्रमण हटाने और सड़क निर्माण की मांग



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले के रामपुर गांव में हरिजन बस्ती के लिए पहुंच मार्ग नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार को उप सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कुसमी एसडीएम प्रिया पाठक को ज्ञापन सौंपा।

रामपुर की हरिजन बस्ती तक जाने के लिए कोई उचित मार्ग नहीं है। बारिश के मौसम में लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। नहर के किनारे की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इससे आवागमन में बाधा आ रही है।

ग्रामीणों ने बताया यह समस्या लंबे समय से बनी है। अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें विरोध करना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने और सड़क निर्माण की मांग की है।

एसडीएम प्रिया पाठक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी। अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क निर्माण के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान जल्द होगा। हरिजन बस्ती तक एक उचित मार्ग का निर्माण किया जाएगा।

## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र मड़वास में 50 एम.व्ही.ए. टीएएल एक्समेर द्वारा 33 के.व्ही. फीडर कमचड़, कुसमी, मड़वास से संबंधित समस्त ग्रामों की 26 फरवरी दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक विद्युत बंद रहेगी। इसी प्रकार पावरग्रिड द्वारा भारतीय रेलवे के निर्माणाधीन रीवा सीधी रेल ट्रैक कार्य में वाधित 400 के.व्ही.डी.सी. रीवा जबलपुर पारेषण लाइन का तार खीचने के लिए 33 के.व्ही. रामपुर नैकिन विद्युत वितरण केन्द्र अन्तर्गत 33/11 के.व्ही. फीडर के शडाउन 33 के.व्ही अगडाल रामपुर नैकिन तथा 11 के.व्ही. रामपुर (ग्रामीण) में 28 फरवरी, 01 मार्च एवं 02 मार्च को समय दोपहर 12:30 से 05 बजे तक विद्युत बंद रहेगी।

### पति, तीन बच्चों को छोड़कर देवर के साथ भागी महिला

## बाजार जाने का बहाना बनाकर घर से निकली, दोनों के मोबाइल आ रहे बंद




**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले के पर्यटन ग्राम मड़ला में रहने वाली 30 वर्षीय महिला 19 वर्षीय देवर के साथ भाग गई। महिला ने घर से निकलते समय बाजार जाने का बहाना बनाया था।

मजदूरी करने वाले जितेन्द्र वंशकार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ज्योति से 13 साल पहले शादी हुई थी। दंपती के दो बेटे और एक बेटी है। 23 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे ज्योति बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी।

जब शाम 6 बजे तक ज्योति घर नहीं लौटी तो जितेन्द्र ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और ससुराल में पता करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। इस दौरान यह भी पता चला कि जितेन्द्र का छोटा भाई भी उसी दिन से लापता है। दोनों के मोबाइल फोन भी बंद हैं। मड़ला थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि फिलहाल गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि महिला किसके साथ भागी है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# ट्राइबल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की 60 छात्राएं बीमार

## 3 की हालत नाजुक, छात्राएं बोलीं- मेस में गंदगी फैली, खाने में कीड़े भी मिल चुके



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर जिले के अमरकंटक में इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल की 60 छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। मेस का खाना खाने के बाद छात्राओं को सिरदर्द, पेटदर्द और उल्टियां होने लगीं।

सोमवार देर रात सभी को कैम्पस के अस्पताल में भर्ती कराया गया। 6 छात्राओं की हालत गंभीर है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी को फूड पॉइजनिंग हुई है। नाम न छापने के शर्त पर अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि करीब 100 छात्राओं को कैंपस के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 2 से 3 छात्राओं को छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिला अस्पताल रेफर किया है।

छात्राओं का कहना है कि आलू की सब्जी खाने से सब बीमार हुए हैं। इसके पहले भी मेस में बने खाने को लेकर नाराजगी जताई थी। मेस के खाने में कीड़े भी मिल चुके हैं। वहीं, मंगलवार को मेस का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें काफी गंदगी दिखाई दे रही है।

**वार्डन और डॉक्टर बोले - पीआरओ से बात करो:** विश्वविद्यालय की छात्राओं ने बताया कि सोमवार रात के खाने में आलू गोभी की सब्जी, चावल, रोटी और दाल बनी थी। रोजाना की तरह सभी ने खाना खाया। रात करीब 11 बजे एक के बाद एक सभी छात्राओं की तबीयत बिगड़ने लगी।

गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन वासु चौधरी ने कहा कि मैं इस बारे में कुछ भी नहीं बताऊंगी। आप पीआरओ से बात कर लीजिए। छात्राओं का इलाज कर रहे डॉ. शिवंक त्रिपाठी ने बताया कि पीआरओ को बता दिया है, उन्हीं से बात करें।

**पीआरओ बोले- जांच कमेटी बनाई जाएगी:** विश्वविद्यालय के पीआरओ रजनीश त्रिपाठी ने बताया, फूड पॉइजनिंग का मामला था। ज्यादा जानकारी मुझे भी नहीं है। कितने बच्चों को रेफर किया, इस बारे में पता नहीं है। रजिस्ट्रार और मेस वार्डन के साथ बैठक कर जांच कमेटी बनाई जाएगी। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**नाराज छात्राएं पहुंची मेस, वीडियो भी बनाया:** 60 छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के बाद अन्य छात्राएं रात में मेस के किचन में पहुंच गईं। यहां चारों ओर गंदगी पड़ी थी। छात्राओं ने किचन का वीडियो बनाया। आज (मंगलवार) सुबह यह वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि टाइल्स पर धूल और गंदगी लगी हुई है। खाने की सामग्री खुले में पड़ी है। फर्श और टेबल भी गंदा पड़ा है। वीडियो में एक महिला कहती सुनाई दे रही है कि रोज सुबह आकर पानी फेंकते हैं। इसके बाद एक छात्रा कहती है कि यहां कितनी हाइजीन है, आप देख सकते हैं।

**कलेक्टर ने टीम को जांच के लिए विश्वविद्यालय भेजा:** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि सीएमएचओ आरके वर्मा सहित एक टीम को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय भेजा गया है। टीम जांच प्रतिवेदन सौंपेंगी, उसके बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई थीं, उनकी भी जांच रिपोर्ट निकलवाई जा रही है।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में की गई बैठक

### मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं समस्त बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। 08 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु मंगलवार 25 फरवरी दिन मंगलवार को ए.डी.आर. सेंटर भवन मीटिंग हॉल में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं समस्त बीमा कंपनी के अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू ने समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। गुरू ने अधिवक्तागण को निर्देशित करते हुये कहा कि न्यायालय में लंबित आपराधिक, सिविल एवं बीमा कंपनी के राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके। द्वितीय जिला न्यायाधीश मनीष कुमार श्रीवास्तव ने समस्त अधिवक्तागण को निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर आवेदक अधिवक्ता पक्षकारगण से चर्चा करें।

उक्त बैठक में बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ, राजेश कुमार श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिलस सत्यप्रकाश पाण्डेय, देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, विद्याकांत मिश्र सचिव जिला अधिवक्ता संघ, सूर्यकांत पाण्डेय, सतीश शुक्ला, उत्तम सिंह चौहान, सुजाता मिश्रा, परमसुख शुक्ला, पैनल अधिवक्तागण संतोष कुमार द्विवेदी, कृष्ण शरण शुक्ला, नीरज मिश्रा, महेन्द्र कुमार मिश्रा, सतीश कुमार उर्मलिया सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी 107 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 107 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम शिकारगंज से आये रघुवर सिंह गोड़ ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि कैंसर के कारण पैर काट दिया गया जिससे दिव्यांग होने के कारण चल नहीं पाता यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो समस्या का निराकरण हो जाये। अपर कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए रघुवर को ट्राई साइकिल प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर रघुवर सिंह खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# दो बच्चों का आरोपी पिता गिरफ्तार

## शादी का झांसा देकर रेप का आरोप, बस यात्रा में पीड़िता से मुलाकात हुई थी




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर रेप के आरोप में मंगलवार को शादीशुदा आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना कोतवाली थाना अंतर्गत 5 महीने पहले की बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी को आज न्यायालय के सामने पेश किया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**आरोपी दो बच्चों का पिता है:** जानकारी के मुताबिक, पीड़िता ने 5 महीने पहले कोतवाली थाने में आरोपी नान्हू बैगा निवासी चचाई थाना अंतर्गत बरगवां गांव के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया था। आरोप है कि पीड़िता के साथ नान्हू ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए थे।

**बस यात्रा में दोनों की मुलाकात हुई थी:** दोनों की मुलाकात 5 महीने पहले ही बस यात्रा के दौरान हुई थी। जिसके बाद दोनों एक दूसरे के काफी करीब हो गए। जब युवती ने शादी के लिए नान्हू से कहा, तो उसने ऐसा करने से मना कर दिया। पीड़िता को बाद में पता चला कि नान्हू पहले से ही शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है।

पीड़िता की शिकायत के बाद महिला उपनिरीक्षक सरिता लकड़ा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पंडित सोनू शर्मा की पुण्यतिथि पर भंडारा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**



पंडित सोनू शर्मा की पुण्यतिथि को 26 फ़रवरी को अमर शहीद हेमू कालाणी चौक रीवा में सुबह 11 बजे भंडारे के आयोजन के साथ साथ शिव बारात शोभा यात्रा का स्वागत सत्कार भी किया जायेगा। पंडित कोमल सोनू शर्मा ने समाज के प्रबुद्ध जनो से अग्रह किया है कि समय पर आकर स्वागत में सहभागी बने और भंडारा प्रसाद ग्रहण करें।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना //

क्रमांक-686/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 24.02.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रर्यकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_404854_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 477/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-10 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत श्री दिनकर शर्मा, श्री संजय पाण्डेय, श्री अमित शुक्ला, श्री नागेश्वर प्रसाद पाण्डेय, श्री रामजी द्विवेदी के घर से यूनिवर्सिटी मुख्य मार्ग तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 06 माह ₹65.30 लाख | ₹1000.00 ₹489750.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_404856_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 478/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-11 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत श्री दद्दू सिंह के घर से डॉ. एस.के. सिंह के घर होते हुए श्री जयकरण साकेत के घर से रोड तक आर.सी.सी. नाली एवं सड़क का नवीनीकरण का कार्य। | 04 माह ₹25.94 लाख | ₹5000.00 ₹19455.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 3. | 2025_UAD_404857_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 479/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-14 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत गायत्री स्कूल के पास से श्री संजय पाण्डेय, श्रीमती कविता पाण्डेय, श्री बुलबुल तिवारी, श्री अनुपम सिंह के घर होकर मेन रोड तक एवं श्री संजय पाण्डेय के घर से श्री सत्यनारायण चतुर्वेदी के घर से 60 फिट रोड तक सीमेन्ट कंक्रीट सड़क मजबूतीकरण का कार्य। | 06 माह ₹55.71 लाख | ₹10000.00 ₹41783.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 4. | 2025 UAD 404858_1 24.02.2025 [FIRST CALL) 480/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत गुलाब नगर में श्री त्रियुगीनारायण के घर से श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी, श्री विश्वम्भर प्रसाद तिवारी, श्रीमती समुन्द्री पटेल के घर होकर श्री शम्भू शुक्ला के घर तक नाला तक आर.सी.सी. सड़क नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 04 माह ₹22.65 लाख | ₹5000.00 ₹16988.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 5. | 2025_UAD_404859_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 481/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत रतहरा तिवारी होटल के पीछे मेन रोड से लेकर दद्दू तिवारी के घर तक आर0सी0सी0 रोड से राजकुमार पटेल के घर तक आर0सी0सी0 रोड से खसकसमी बांध तक आर0सी0सी0 रोड से स्वामीशरण पटेल के घर तक आर0सी0सी0 रोड से सिंह साहब के घर तक और श्रीवास्तव जी के घर के पास तक। | 05 माह ₹46.78 लाख | ₹5000.00 ₹35085.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 6. | 2025_UAD_404860_1 24.02.2025 [FIRST CALLI 482/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत श्री रामनिरंजन द्विवेदी के घर से श्री नरेश मिश्रा के घर होते हुए श्री विजय सिंह कर्चुली के घर तक आर.सी.सी. सड़क (टापलयर) एवं नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 03 माह ₹13.16 लाख | ₹2000.00 ₹9870.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 7. | 2025 UAD 404862_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 483/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत श्री सूर्यभान पटेल के घर से श्री अशलय खान के घर तक श्री रमन सिंह परिहार के घर से परिणय वाटिका मैरिज गार्डन तक आर.सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 04 माह ₹32.36 लाख | ₹5000.00 ₹24270.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 8. | 2025_UAD_404863_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 484/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-23 में कार कल्प-2.0 योजना के तहत अमहिया बड़ी दरगाह से अशोक किराना होते हुए मुक्कू सिंह के घर से यदुनाथ तिवारी के घर तक (2) अशोक किराना से ललऊ घाट तक (3) साहू किराना से उमेश मिश्रा जी के घर तक सड़क निर्माण का कार्य। | 06 माह ₹58.80 लाख | ₹1000.00 ₹44100.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |
| 9. | 2025_UAD_404864_1 24.02.2025 [FIRST CALL] 485/24.02.2025 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-25 में कायाकल्प-2.0 योजना के तहत (1) श्री विश्वनाथ के घर से सुलभ काम्प्लेक्स होते हुए यूनियन बैंक तक आर0सी0सी0 सड़क निर्माण (2) श्री विश्वनाथ यादव के घर से श्री रज्जन खान के घर होते हुए पी.टी.एस. रोड पुलिया तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 03 माह ₹20.88 लाख | ₹5000.00 ₹15660.00 | 26.03.2025 18:00 बजे तक। |

**नोट:** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री ( जोन क्र. 03 )**
**नगर पालिक निगम रीवा ( म.प्र. )**


# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## 4 थानों में शांति समिति की बैठक, भोलेनाथ की बारात के लिए पुलिस तैनात रहेगी



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** रामपुर नैकिन में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। रामपुर नैकिन, मझौली, चुरहट और बहरी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, व्यापारी और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

थाना प्रभारियों ने 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। भगवान भोलेनाथ की बारात क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से निकलेगी। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से सुझाव मांगे हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आयोजन में कोई बाधा न आए। सभी लोग मिल-जुलकर पर्व की खुशियां मना सकें। बैठक में यह भी तय किया गया कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया है।

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। प्रशासन का कहना है कि महाशिवरात्रि का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है।

### शासकीय आदर्श उच्च. माध्यमिक विद्यालय चुरहट में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** प्राचार्य शासकीय आदर्श उ.मा.वि. चुरहट ने जानकारी देकर बताया है कि जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट संस्था शासकीय आदर्श उच्च. माध्यमिक विद्यालय चुरहट जिला सीधी शैक्षणिक सत्र 2025-26 कक्षा 6वीं में रिक्त 35 सीट में अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन पत्र एमपीटास पोर्टल से भरे जायेंगे जिसमें अभ्यर्थियों के 18 फ़रवरी से 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जायेगें। आवेदन प्रवेश पत्र दिनांक 12 मार्च से परीक्षा दिनांक तक डाउनलोड किये जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 30 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जावेगी।

